हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

06 राष्ट्र निर्माण में अटल जी का योगदान अविस्मरणीय



08 प्रतियोगिता से मंच देने ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं...





## पचमढ़ी का न्यूनतम पारा 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ

# मौसमः आठ घंटे तप रही धूप, इसलिए पारा गिरने पर भी ठंड का एहसास नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/पचमढ़ी

दिसंबर माह में लगातार पचमढ़ी का पारा प्रदेश में सबसे कम दर्ज हो रहा है,जिसके कारण शीतलहर जारी है। लेकिन तापमान 4 डिग्री से कम होने के बाद भी ठंड का अहसास नहीं हो रहा है। हालांकि रात 12 बजे से सुबह तक कंपकपी महसूस हो रही है। जिले में करीब 7 से 8 घंटे धूप छा रही है जिससे दिन बड़े लग रहे है। वहीं नर्मदापुरम में एक ओर जहां रात के पारा बुधवार-गुरूवार की रात दरमियानी रात 12.7 डिग्री दर्ज हुआ वहीं दिन में 27.6 डिग्री रहा। हालांकि पचमढ़ी में बीती दो रातों से तापमान में गिरावट के कारण ओस की बूंदे बर्फ में तब्दील हो रही है। बीती रात पचमढ़ी का न्यूनतम पारा 3.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो प्रदेश में सबसे कम रहा। वहीं अधिकतम पारा 27.4 रहा। मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव के अनुसार दिन में तेज धूप खिल रही है इस कारण सर्दी का अहसास कम हो रहा है। वहीं आगामी दिनों धीरे-धीरे सर्दी अपना जोर पकड़ेगी।

सर्दी का पैटर्न बदला हुआ है रात में पारा लुढ़क रहा है वहीं दिन में तेज धूप खिल रही है। हालांकि हिल स्टेशन पचमढ़ी का न्यूनतम तापमान प्रदेश में सबसे कम दर्ज हो रहा है।



### रैने बसरों में हो व्यवस्था

सीएमएचओ नरसिंह गहलोत को निर्देशित किया कि दोनों रैनबसेरा केंद्रों पर फर्स्ट ऐड एवं आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर प्राथमिक स्वास्थ्य सहायता मिल सके।

### सिटी मजिस्ट्रेट पहुंचे रैनबसेरों का जाएजा लेने

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह ने देर रात बस स्टैंड एवं सेठानी घाट स्थित रैनबसेरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठंड से बचाव हेतु कंबल, सोने के लिए बिस्तर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ने दोनों रैनबसेरा में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश सीएमओ हेमेशवरी पटले को दिए। उन्होंने कहा कि दोनों स्थानों पर साफ-सफाई सुनिश्चित करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम तत्काल उठाए जाएं, ताकि रैनबसेरा में ठहरने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### खांसी कर रही बे-दम

दवा लेने के बाद भी खांसी नहीं थम रही है। सांस लेने तकलीफ है, जल्दी हांफने लगता हूं। ऐसा लगता है कि दम घुट रहा है। ऐसा ही मर्ज की दवा इन दिन लोग ले रहे है लेकिन खांसी का संक्रमण है कि जाने का नाम नहीं लेता है। इस संबंध में डॉक्टरों का कहना है कि खांसी जाने में 15-से-20दिनों का समय लग रहा है। उन्होंने मरीजों को ठंडे खानपान से परहेज और धूल और धुएं से बचाव की सलाह दी है। साथ ही भीड़भाड वाले इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। वहीं सीएमएचओ डॉ नरसिंह गहलोत ने शीतघात से बचने एडवायजरी जारी की है। जिसमें उन्होंने कहा कि तापमान जब कम हो तो पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़ों का उपयोग करना चाहिए साथ ही पोषक तत्व युक्त भोजन का सेवन करें।

## चरित्र संदेह पर युवक को मौत के घाट उतारा

# मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज से धराया आरोपी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

चरित्र संदेह पर आरोपी ने मृतक को मौत के घाट उतार दिया। गुरूवार को पुलिस ने इस हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पिपरिया थाने से मिली जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को फरियादी मधू कुमार पिता रामगोपाल मेहरा निवासी कन्हवार द्वारा अपने 32 वर्षीय भाई राधेश्याम पिता रामगोपाल मेहरा निवासी रामविलास कालोनी पिपरिया की थाना पिपरिया मे गुमसूदगी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामला जांच मे लिया था। फरियादी के भाई सुरेश ने बताया कि मोटरसाइकिल एमपी 20 केएम 2342 को गाँव का सनमान बाल्मीकि चला रहा है और बरेली तरफ लेकर गया है।

शंका होने पर सनमान बाल्मीकि की तलाश हेतु टीम रवाना की गई,मृतक राधेश्याम मेहरा के गुम होने के दिनांक से ही सनमान बाल्मीकि का मोबाइल नंबर बंद था और वह अपने घर पर भी नहीं था। 23 दिसंबर को रेलवे ब्रिज के नीचे एक अज्ञात शव की सूचना प्राप्त हुई। जिस पुलिस को अज्ञात शव की पहचान पूर्व से गुम राधेश्याम पिता रामगोपाल मेहरा के रूप में हुई। जिसकी गर्दन पर किसी धारदार हथियार से चोट के निशान थे। जिसे



मार कर शव को छुपाने के उद्देश्य से नाले में फेंका गया था।

घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन (रा.पु.से.) द्वारा अनुविभागिय अधिकारी पिपरिया मोहित कुमार यादव के नेतृत्व मे अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु एक टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्य व सीसीटीवी फुटेज की सहायता से संदेही सनमान पिता सूरत बाल्मीकि को टीम द्वारा पकड़ कर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने जुर्म स्वीकार करना बताया आरोपी से हत्या का कारण पूछा तो उसने बताया कि मृतक राधेश्याम मेहरा मेरी पत्नी से बात करता था और मुझे उनके अवैध संबंध होने की शंका थी। इसीलिए 18 दिसंबर को करीब दोपहर 01 बजे जब राधेश्याम खाद लेने जा रहा था तो आरोपी उसे शराब पीने के बहाने अपने कुचबंदिया मोहल्ला स्थित किराये के मकान मे ले गया और दोनों ने शराब पी जैसे ही राधेश्याम को नशा हुआ आरोपी सनमान ने लकड़ी चीरने की छेनी से मृतक के गर्दन पर तीन वार किए जिससे राधेश्याम की मौत हो गई। हत्या करने के उपरांत आरोपी ने एक वीडियो बनाया जिसमे मृतक को दिखाते हुए स्वयं की पत्नी को धमकी दी कि तेरा भी यही हाल करूंगा। घटना कारित करने के बाद लाश को गद्दे और पन्नी से ढककर आरोपी कन्हवार स्थित अपने ससुराल चला गया वहाँ जाने के उपरांत पुनः आरोपी रात 12 बजे वापस लाश को ठिकाने लगाने लौटा और एक हाथ ठेले मे रखकर लाश को पास ही ढलान पर स्थित नाले में फेंक दिया लाश को फेंकने के बाद आरोपी ने घटना स्थल को पानी से धो दिया और मृतक की मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया और मृतक का मोबाइल झील पिपरिया मे फेंक दिया संदेह होने पर मोटरसाइकिल भी झील के पास छुपाकर फरार हो गया विवेचना के दौरान आरोपी का मोबाइल जिसमे घटना से संबंधित वीडियो है जप्त किया गया है आरोपी की निशानदेही पर मृतक की मोटरसाइकिल, हाथ ठेला व हत्या में प्रयुक्त छेनी जप्त कर ली गई है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# अधिवक्ता क्रिकेट संघ की टीम का टी-20 क्रिकेट मैच आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रीवा में खेली जा रही राज्य स्तरीय अधिवक्ता टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आज जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम की टीम रवाना हुई। जहां उनका मैच शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा। जिला अधिवक्ता संघ नर्मदापुरम सचिव मनोज जराठे ने बताया कि टीम पूर्व में लगातार 3 बार की विजेता रही है,और इस बार लगभग 6 वर्षों के बाद टीम उक्त प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही है टीम में कई वरिष्ठ और नए अधिवक्ता खिलाड़ियों का संयोजन है,वरिष्ठ अधिवक्ता एस एस ठाकुर,उमेश पालीवाल,बसंत चौहान, सुबोध तिवारी, के के जराठे, विनोद दीवान,एस एस पटेल,चैतन्य दुबे, टी एस चौहान,के के थापक, प्रशांत तिवारी,मोरसिंह चौहान, प्रदीप चौबे, रामराज ठाकुर, रमन पालीवाल, बृजेश शर्मा,रामसेवक यादव, विजया कदम, कुसुम तोमर,मालती वर्मा, शमशाद खान,अफरोजा खान,शबाना खान संघ अध्यक्ष दीपक जैन आदि शामिल रहेंगे।

## आंचलखेड़ा में शुरू हुई संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

आंचलखेड़ा। माखन नगर



विकासखंड अंतर्गत ग्राम आंचलखेड़ा माता मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलने वाली संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया गुरुवार को माता मंदिर से गांव के मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैंड तक कलश यात्रा निकाली गई वहीं बस स्टैंड से कलश यात्रा वापस माता मंदिर पहुंची । कलश यात्रा में गांव के काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे । कथावाचक ब्रह्मचारी पंडित भगवत दास महाराज के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक कथा सुनाई जाएगी ।

# नपाध्यक्ष ने वार्डवासियों संग किया पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भाजपा के केंद्र एवं प्रदेश संगठन के निर्देश पर नगर में आज विभिन्न स्थानों पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती मनाई गई। वार्ड क्रमांक 29 ग्वालटोली में स्थित अटल चौक पर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, पार्षद एवं वार्डवासियों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. वाजपेई जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेई की जयंती पर वार्ड क्रमांक 29 में नवीन सड़क का कार्य प्रारंभ कराया। कार्यक्रम संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष यादव द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेई द्वारा देशहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। श्रीमती यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी राजनीति के क्षेत्र में 4 दशकों तक सक्रिय रहे। वे



लोकसभा में 9 बार और राज्यसभा में 2 बार चुने गए और एक कीर्तिमान स्थापित किया। 1980 में गठित भाजपा के संस्थापक अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने 13 अक्टूबर 1999 को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नई गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में भारत के प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किया था। बाजपेयी जी द्वारा किये गये पोखरण में परमाणु परीक्षण कर पूरे विश्व को बता दिया था कि भारत किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। साथ ही उन्होंने हिंदी को संयुक्त राष्ट्र में प्रतिष्ठित स्थान दिलाया।

जयंती समारोह में विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, गोविंद राय, पार्षद सुषमा खत्री, विमला चुटीले, नरेंद्र पटेल, बूथ प्रभारी राजू मालवीय, पूर्व पार्षद अजय रतनानी, अमित खत्री, सुचित्रा यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# भाजपा आरी मंडल ने मनाई पूर्व पीएम वाजपेयी की जयंती

## विधायक ने मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

गुरुवार आरी मंडल के ग्राम आंचलखेड़ा बूथ क्रमांक 91 पर सोहागपुर विधायक विजयपाल की उपस्थिति में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किए विधायक ने अटलजी के महान व्यक्तित्व का उल्लेख करते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष फूलचंद यादव मंडल अध्यक्ष विपिन यादव मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र गोस्वामी मंडल मंत्री ओम प्रकाश यादव अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष दिनेश चौधरी पूर्व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जसवंत यादव बूथ अध्यक्ष अनिल कहार अनिल यादव एवं सभी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# इटारसी में आयोजित परशुराम युवा सेना क्रिकेट स्पर्धा में माखननगर की टीम बनी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

भगवान परशुराम कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 की उपविजेता माखन नगर टीम रही भगवान परशुराम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन इटारसी में किया गया था जिसमें। बेस्ट विकेट कीपर का अवार्ड युवराज आशीष गुरु माखन नगर को प्रदान किया गया विप्र समाज ने टीम के सभी युवाओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है



## तत्परताः दो बालको को परिजनों से मिलाया

**नर्मदापुरम।** कोतवाली पुलिस की तत्परता से दो बिछुड़े बालकों को उनके परिजनों से मिलाया गया है। पहला प्रकरण श्रीधाम कालोनी चक्कर रोड आदमगढ़ का है वहीं दूसरा प्रकरण ग्राम बिजूरी जिला छिंदवाड़ा का है। दोनों ही प्रकरण में पुलिस ने छः और सात वर्षीय बालकों को उनके परिजनों से मिलवाया जिसमें सराहनीय भूमिका टीआई कंचन सिंह, उपनिरीक्षक महेश जाट, आरक्षक कमलेश व राजकुमार की रही।

# सिवनी मालवा नगर मंडल ने मनाई अटल जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी बताया देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया तथा सुशासन दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अटल जी के विचारों, सिद्धांतों एवं सुशासन की अवधारणा को जनमानस तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष पारीक जी ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, सर्वसमावेशी विकास की सोच तथा संवेदनशील और मजबूत नेतृत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।




# मीणा समाज का भोपाल में होगा प्रतिभा सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

गुरूवार को म प्र मीणा समाज सेवा संगठन राम सिंह मीणा महेंद्र मीणा धनराज मीणा ने जिलावासियों को भोपाल में 4 जनवरी 2026 को हो रहा प्रतिभा सम्मान समारोह के बारे में विस्तृत जानकारी देकर आमंत्रित किया। कार्यक्रम माखननगर में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिले के समाज शिरोमणि राजेंद्र मेहर, हुकुम सिंह बालोत, इंदर सिंह मीना, आर डी मीना, नारायण मीना, भगवान सिंह मीना, राजेंद्र मीना, जीवनलाल मीना, यशवंत मीना, देवीराम मीना, ध्रुव मीना, विनोद मेहर, कृष्णकुमार मीना,दीपक मीना, तख्तसिंह मीना, राजकुमार मीना, उमाकांत मीना, मनीष मरमट, पप्पू मीना, भागीरथ मीना, हेमंत बड़जात, निकेश बड़जात, हरिओम मीना, अंशुल मीना, संगठन द्वारा सभी का पुष्प माला से स्वागत किया बैठक में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु शामिल हुए।

## संस्कारवान पीढ़ी का होगा निर्माण

# आर्यावर्त सनातन संस्कृति संस्थान करेगा गैर-औपचारिक शिक्षा कार्यक्रम की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आर्यावर्त सनातन संस्कृति संस्थान द्वारा मध्यप्रदेश में गैर-औपचारिक शिक्षा कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में संस्कार, सेवा भावना और जीवन मूल्यों का विकास करना है।

संस्थान द्वारा गुरुकुल बोर्ड से विद्यालयों को संबद्ध कर इस अभियान से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को सेवा, परोपकार, संस्कार, सनातन जीवनशैली, व्यवहार परिवर्तन तथा तनाव-मुक्त एवं संतुलित जीवन से संबंधित विशेष पाठ्यक्रम कराए जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश के स्कूली शिक्षकों के लिए शैक्षणिक



गुणवत्ता सुधार एवं दक्षता विकास हेतु प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे शिक्षा व्यवस्था को मूल्य-आधारित और व्यवहारिक बनाया जा सके।

संस्थान के पदाधिकारियों के अनुसार, इस कार्यक्रम का प्रारंभिक क्रियान्वयन मध्यप्रदेश के 10 जिलों में किया जाएगा। सफल संचालन के पश्चात इसे प्रदेश के अन्य जिलों में भी विस्तारित करने की योजना है। इसके लिए गुरुकुल मुख्यालय भोपाल में जिलों के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुकुल के सदस्य डॉ अखिलेश खंडेलवाल ने बताया कि आर्यावर्त सनातन संस्कृति संस्थान का मानना है कि जब शिक्षा में संस्कार, सेवा और सनातन जीवन मूल्यों का समावेश होता है, तभी सशक्त समाज और संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण संभव है।

## खबर संक्षेप

### कुएं से मिला विवाहिता का शव, रात से थी लापता

**बैतूल।** देवगांव में गुरुवार सुबह एक कुएं में 25 वर्षीय विवाहिता का शव मिलने से हडक्रंप मच गया। यह घटना बैतूल कोतवाली थाना क्षेत्र की खेड़ी चौकी अंतर्गत ग्राम देवगांव की है। सुबह करीब 8 बजे ग्रामीणों ने कुएं में शव तैरता देखा, जिसके बाद तत्काल खेड़ी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को कुएं से बाहर निकाला। मृतका की पहचान चिखलमहु तिगड्डा, जुन्नारदेव निवासी विनिता पति महेश चौकीकर (25 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया कि वह वर्तमान में देवगांव में रह रही थी। खेड़ी-सांवलीगढ़ चौकी प्रभारी और तहसीलदार की मौजूदगी में मौके पर पंचनामा कार्रवाई की गई। इसके उपरांत शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बैतूल जिला अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टरों की दो सदस्यीय टीम ने पोस्टमॉर्टम किया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार, बुधवार रात विनिता घर से निकल गई थी। गुरुवार सुबह कुएं के पास उसकी चप्पल मिलने पर अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद कुएं में देखने पर उसका शव मिला। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाई है। यह आत्महत्या है, दुर्घटना है या किसी अन्य वजह से मौत हुई है, यह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सभी संभावित पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर शुरू, विशेषज्ञ देंगे उपचार

**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा गुदामार्ग गत रोगों के उपचार हेतु निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 25 दिसंबर से प्रारंभ हो गया है। यह शिविर शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय बैतूल में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का विधिवत शुभारंभ आज 26 दिसंबर को नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश राठौर द्वारा किया जाएगा। शिविर का पंजीयन 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन का समय प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस शिविर में एनोरेक्टल रोग अर्थात गुदा मार्ग में होने वाले रोगों जैसे बवासीर, भगंदर, फिशर, पाइलोनाइडल साइनस और रेक्टल पॉलिप आदि का उपचार किया जाएगा। इन रोगों के उपचार के लिए शल्य रोग विशेषज्ञ जामनगर से डॉक्टर रवि चौकीकर द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही महिला रोगियों की सुविधा के लिए महिला चिकित्सक भी शिविर में उपस्थित रहेगी। आयुष विभाग ने आम जनता से अपील की है कि जो भी व्यक्ति गुदामार्ग संबंधी इन रोगों से पीड़ित हैं वे अधिक से अधिक संख्या में शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय बैतूल पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं तथा निःशुल्क चिकित्सा सेवा का लाभ प्राप्त करें।

### पुनरीक्षण को लेकर बैठक आज

**बैतूल।** संभागायुक्त के.जी.तिवारी की अध्यक्षता में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए 26 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक दोपहर 12.15 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में निर्वाचक नामावली से संबंधित दावों, आपत्तियों एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा कर समाधान के निर्देश दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार संभागायुक्त नर्मदापुरम के जी तिवारी को नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा जिले का रोल आब्जर्वर भी नियुक्त किया गया हैं।

### अब रह गए 11 लाख 95 हजार 558 मतदाता, सबसे ज्यादा आमला विस से हटे नाम

# जिले में एसआईआर के बाद 62,737 मतदाताओं के नाम हटाए गए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) में डोर-टू-डोर सर्वे के बाद जिले के 62,737 मतदाताओं के नाम हटे है। ऐसा इसलिए क्योंकि इन मतदाताओं में से कई की मृत्यु हो चुकी है और अनुपस्थित पाए गए है। इसके अलावा स्थानांतरित हो गये या रिपीट नाम है। 6995 मतदाताओं की मौपिंग नहीं हो पाई है। अब नो मैपिंग वाले मतदाताओं को सूचना पत्र जारी किए जा रहे है। प्रशासन ने प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन भी कर दिया है। इसका अवलोकन 22 जनवरी 2026 तक किया जा सकता है। साथ ही आवश्यक सुधारों के लिए आवेदन भी दिए जा सकते हैं। बता दे कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और कटवाने की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है। ऐसे मतदाता जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की हो गई है या हो रही है, वे प्रारूप 6 में घोषणा पत्र के साथ आवेदन कर सकते है। यदि पूर्व में अन्य विधानसभा क्षेत्र या मतदान केन्द्र में नाम दर्ज है और उसे अन्य मतदान केन्द्र में नाम जुड़वाना है तो प्रारूप 8 में आवेदन करना होगा। मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि में सुधार करना है तो प्रारूप 8 में आवेदन करना होगा। इसके अलावा विलोपन के लिए प्रारूप 7 में आपत्ति पेश की जा सकती है।

#### एसआईआर के बाद बचे 11 लाख 95 हजार मतदाता

एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने से पहले जिले में 12 लाख 58 हजार, 295 मतदाता थे। इनमें मुलताई में 2 लाख 35 हजार 605, आमला में 2 लाख 19 हजार 778, बैतूल में 2 लाख 62 हजार 061, घोड़ाडोंगरी में 2 लाख 69 हजार 767 और भैंसदेही में 2 लाख 71 हजार 084 मतदाता शामिल थे। एसआईआर की प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है और प्रशासन द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन भी कर दिया गया है। अब जिले की मतदाता सूची में 11 लाख 95 हजार 558 मतदाता रह गये है। इनमें मुलताई में 2 लाख 24 हजार 440, आमला में 2 लाख 01 हजार 297, बैतूल में 2 लाख 48 हजार 387, घोड़ाडोंगरी में 2 लाख 59 हजार 467 और भैंसदेही में 2 लाख 61 हजार 967 मतदाता शामिल हैं। जिले में कुल मतदाताओं में 6 लाख 9 हजार 515 पुरूष और 5 लाख 86 हजार 027 महिलाएं एवं 16 अन्य मतदाता शामिल है।

#### सबसे ज्यादा आमला में कम हुए मतदाता

जिले में 62737 मतदाता कम हुए है। इनमें सबसे ज्यादा 18481 मतदाता आमला में कम हुए है। वहीं सबसे कम 9117 मतदाता भैंसदेही विधानसभा में कम हुए है। मुलताई में 11165, बैतूल में 13674 और घोड़ाडोंगरी में 10300 मतदाता कम हुए है। जिले में मतदाता सूची में जो 62,373 मतदाता कम हुए है, उनमें 15800 मतदाताओं की मृत्यु होने से, 4403 मतदाता मिले नहीं या अनपुस्थित पाए गये है। वहीं 38118 मतदाता स्थाई रूप से कहीं और शिफ्ट हो चुके है। 4415 मतदाताओं के नाम रिपीट होने से हटाय गये है। इसके अलावा जिले के 6995 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई है। इसके नामों का 2003 की मतदाता सूची में मिलान नहीं हो सका है। इनमें सबसे ज्यादा 2129 मतदाता बैतूल के है। इसके अलावा मुलताई के 1341, आमला के 1331, घोड़ाडोंगरी के 981 और भैंसदेही के 1213 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है।

#### इन कारणों से हटाए गए यह नाम

जिले की मतदाता सूची से जो 62737 मतदाता कम हुए है, उनमें 15800 मतदाताओं की मृत्यु होने से और 4423 मतदाता मिले ही नहीं या अनुपस्थित पाए गये। इसके अलावा 38118 मतदाता स्थाई रूप से कहीं और शिफ्ट हो गये। 4415 मतदाताओं के नाम रिपीट होने से हटाए गए है। 6995 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो पाई। यह वे मतदाता है, जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में मिलान नहीं हो सका। इनमें सबसे ज्यादा 2129 मतदाता बैतूल के है। इसके अलावा मुलताई के 1347, आमला के 1331, घोड़ाडोंगरी के 981 और भैंसदेही के 1213 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी है।

#### नोटिस जारी कर सुना जाएगा पक्ष

संयुक्त कलेक्टर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बताया कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं के नाम सूची में फिलहाल हटाये नहीं गए है। लेकिन अंतिम सूची में इनके नाम रहेगे या नहीं, यह तय करने के लिएइनका पक्ष सुना जायेगा। इसके लिए इन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किए जा रहे है। इसके बाद इन नो मैपिंग वाले मतदाताओं से दस्तावेज लेकर यह तय किया जायेगा कि इनके नाम अंतिम मतदाता सूची में रखा जाए या नहीं। श्री अहमद ने बताया कि जिले के सभी 1758 मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का अवलोकन किया जा सकता है। मतदान केन्द्र पर बीएलओ के पास और रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में यह सूची उपलब्ध है। यहां 22 जनवरी 2026 तक आम नागरिक इसका अवलोकन कर सकते है। निर्वाचन आयोग की बेवसाइड पर भी इसका अवलोकन किया जा सकता है।

#### नोटिस जारी किए जा रहे हैं

नो मैपिंग वाले मतदाताओं के नाम सूची में फिलहाल हटाये नहीं गए है। अंतिम सूची में इनके नाम रहेंगे या नहीं, यह तय करने के लिए इनका पक्ष सुना जायेगा। इन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किए जा रहे है। इसके बाद नो मैपिंग वाले मतदाताओं से दस्तावेज लेकर यह तय किया जायेगा कि इनके नाम अंतिम मतदाता सूची में रखा जाए या नहीं।

**मकसूद अहमद,**
संयुक्त कलेक्टर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल।

### बैठक में 116 सभी प्रस्ताव पास
### विकास कार्यों पर नपा की नजर
### गंज मार्ग का नाम होगा अटल पथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगर पालिका की पीआईसी (प्रेसीडेंट इन काउंसिल) की बैठक बाल मंदिर स्थित सभा कक्ष में हुई। बैठक में कुल 116 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। यह सभी प्रस्ताव बैठक में रखे गये थे। बैठक नगरपालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें शहर के विकास और आम लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराने संबंधी 116 प्रस्तावों को मंजूरी दी। बैठक में उपाध्यक्ष महेश राठौर, सभापति नीतेश परिहार, विकास प्रधान, रेणुका यादव, रघुनाथ लोखंडे, राजेश पानकर, कल्पना धोटे, तरूण ठाकरे, सीएमओ सतीश मटसेनिया सहित नपा के अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक में मुरैना के एक ठेकेदार के कार्य निरस्त कर उसे प्रतिबंधित कर दिया गया है वहीं स्थानीय ठेकेदारों को कार्य करने के लिए अंतिम अवसर दिए जाने का निर्णय लिया गया। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को लेकर भी कई निर्णय बैठक में लिए गए हैं। एजेंडे में एक प्रस्ताव भविष्य की जरुरतों को देखते हुए नए फिल्टर प्लांट निर्माण का भी था। पूर्व में विधायक हेमंत खंडेलवाल भी अधिक पानी की व्यवस्था के लिए नए जल स्त्रोत तलाश करने के निर्देश दे चुके हैं। इसके चलते नगरीय प्रशासन की एक टीम आकर माचना और ताप्ती नदी पर बैराज निर्माण हेतु कुछ प्वाइंट भी देख कर जा चुकी है। जल्द ही इस दिशा में आगे कदम बढ़ाए जा सकते हैं। फिल्टर प्लांट हेतु 240 एचपी की मोटर क्रय किए जाने, जलप्रदाय शाखा की मदों में बजट वृद्धि किए जाने, पेयजल व्यवस्था में लगने वाली मेंटेनेंस सामग्री क्रय किए जाने, ताप्ती इंटेकवेल हेतु 335 एचपी की मोटर क्रय किए जाने, जलप्रदाय में रखे गए 5 श्रमिकों को दिसंबर तक रखे जाने, जलशुद्धिकरण सामग्री क्रय किए जाने के निर्णय लिए गए। एक महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि निकाय क्षेत्र के अंतर्गत अवैध रूप से किए गए नल कनेक्शनों को वैध किए जाने के संबंध में विचार कर निर्णय लिया गया।

#### गंज की मुख्य सड़क का नाम अटल पथ होगा

शहर के विनोबा वार्ड आबकारी से अंडर ब्रिज होते हुए करबला घाट तक प्रस्तावित सीसी सडक का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटलबिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस पर 25 दिसंबर 2025 को अटल पथ किए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। इसके अलावा नगर पालिका में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को योग्यता व वरिष्ठता के आधार पर वेतन भुगतान किए जाने का निर्णय लिया। सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड के माध्यम से किए जाने के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया। वहीं वित्त वर्ष 2026-27 में शहरी क्षेत्र के आवारा कुत्तों का बधियाकरण एवं टीकाकरण किया जाएगा। हाइड्रा क्रेन मशीन किराए पर लिए जाने का निर्णय भी लिया गया। अमृत 2.0 योजना के तहत पेयजल नेटवर्क सप्लाई कार्य की समयावधि बढ़ाए जाने का निर्णय भी लिया गया। घर-घर कचरा संग्रहण कार्य हेतु पूर्व से कार्यरत एजेंसी की समयावधि को एक माह बढ़ाने का निर्णय लिया है।

### अटल सेना ने धूमधाम से मनाई अटल जयंती

## राष्ट्र निर्माण में अटल जी का योगदान अविस्मरणीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अटल सेना द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री और संगठन के पितृ पुरुष अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से मनाई साथ ही तुलसी जयंती के अवसर पर महिलाओं को पौधे भेंट किए। इस मौके पर संगठन के संस्थापक और प्रांत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान (केन्डु बाबा) ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का ओजस्वी व्यक्तित्व, राष्ट्र सर्वोपरि का सिद्धांत और सुशासन के प्रति समर्पण सदैव हमें प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। केन्डु बाबा ने कहा कि अटल जी दूरदृष्टा ने इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि संसद में पहुंचने के पश्चात कश्मीर मुद्दे पर अपने विचार प्रकट किए




और संसद ने उन्हें बेहद ध्यान से सुना। अटल जी ने कहा कि कश्मीर का मामला संयुक्त राष्ट्र संघ में नहीं भेजा जाना चाहिए था। भारत को अपने स्तर पर ही प्रयास करके पाकिस्तान के अधिकार वाले कश्मीर के विषय में सोचना होगा। इस अवसर पर नीतू नानकर, सुधा खंडारे, सरिता पाल, किरण भुमरकर, गीता सेन्द्रे, संध्या मिश्रा, मीना उइके, भूरी किरोदे, बबली अमझरे, रेखा सेल्के, आशा बोरवार, गुड्डी अमझरे,पूजा हिरवखेड़े, गुड्डी हिवरखेड़ूर, पुनीया किरोदे आदि मौजूद थे।

## गिरिजाघरों में धूमधाम से मनाया क्रिसमस पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विश्व में प्रेम व सौहार्द का संदेश देने वाले प्रभू यीशु का जन्मदिन क्रिसमस पर्व जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। जिलेभर के गिरिजाघरों में प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। जहां ईसाई धर्मावलंबियों ने प्रभु यीशु को याद किया। जिला मुख्यालय पर स्थित ऐतिहासिक सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च में क्रिसमस पर्व पर सामूहिक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। जिसमें ईसाई अनुयायियों ने हिस्सा लेते हुए प्रभू यीशु को याद किया। क्रिसमस पर्व पर गिरिजाघर में प्रभु यीशु की विशेष झांकी के साथ विशेष सजावट भी की गई थी। यहां फादर ने यीशु के अनुयायियों को प्रभू



के बताये मार्ग पर चलकर अपने जीवन में दया व प्रेमभाव रखते हुए मानव सेवा करने का संदेश दिया। कोठीबाजार स्थित सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च बैतूल का प्रमुख धार्मिक केंद्र है। यहां आराधना का संचालन पास्टर रेवरेंट फादर सीनियार्ड कुमार मुंजी ने किया। उन्होंने यीशु मसीह के प्रेम, एकता, मानवता और देश में शांति-सद्भाव का संदेश दिया। दोपहर में सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया। वहीं क्रिसमस पर रोमन कैथोलिक डॉन बोस्को चर्च (सदर) में प्रभु यीशु के जन्म को दर्शाती आकर्षक झांकियां सजाई गईं।

### विभिन्न खेलों के विजेता खिलाड़ियों को सांसद खेल महोत्सव के पुरस्कार किए वितरित

# अटलजी की जयंती सुशासन दिवस पर सांसद खेल महोत्सव का समापन

#### बैतूल गर्ल्स व बैतूल बॉयज की टीम बास्केटबॉल में बनी विजेता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटलबिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते सांसद खेल महोत्सव 2025 का समापन समारोह 25 दिसंबर को शहर के छत्रपति शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, घोड़ाडोंगरी विधायक गंगाबाई उईके, मप्र जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, नपाध्यक्ष बैतूल पार्वतीबाई बारस्कर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, बैतूल सुधार न्यास के पूर्व अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. अटल जी एवं भगवान बिरसा मुंडा के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर शासकीय कन्या शाला की छात्राओं द्वारा जनजातीय नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। साथ ही मल्लखंब अभ्यास एवं प्रदर्शन ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान कुल 17 खेलों, जिनमें बास्केटबॉल, हॉकी, कबड्डी, क्रिकेट, रस्साकसी, पिट्टू, फुटबॉल, तैराकी, योगासन, स्केटिंग सहित अन्य खेल शामिल है, के फाइनल मुकाबलों के विजेताओं और उपविजेताओं तथा व्यक्तिगत खेलों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले खिलाडियों को सांसद खेल महोत्सव के पुरस्कार भी वितरित किए गए।

केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके ने इस अवसर पर कहा कि भारत खेल, उद्यमिता, उद्योग, तकनीक, अंतरिक्ष और नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा विश्व के सामने मनवाएगा। उन्होंने सांसद खेल महोत्सव की जानकारी देते बताया कि यह आयोजन 21 सितंबर से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर तक ग्राम स्तर से लेकर संसदीय लोकसभा स्तर तक आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो युवाओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाती है। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों, खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों तथा आयोजन में विशेष योगदान देने वाले सांसद खेल महोत्सव के नोडल खेल अधिकारी सुबोध शर्मा एवं शिक्षा विभाग के जिला खेल अधिकारी धर्मेंद्र पवार सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

#### पूरे देश के लिए प्रेरणा का केंद्र बना सांसद खेल महोत्सव

मप्र जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव आज पूरे देश के लिए प्रेरणा का केंद्र बन चुका है। प्रधानमंत्री का संदेश है कि खेल हमें जीत के साथ-साथ हार से सीख लेना भी सिखाते हैं। 2030 में प्रस्तावित कॉमनवेल्थ खेलों को ध्यान में रखते हुए यदि खिलाड़ी निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण से प्रशिक्षण लें, तो वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। उन्होंने मेजर ध्यानचंद का उदाहरण देकर निरंतर मेहनत और जुनून के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

#### प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को किया संबोधित

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पेरिस से वर्चुअल माध्यम द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया। जिसका लाइव प्रसारण कार्यक्रम स्थल पर देखा गया । प्रधानमंत्री ने सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से संवाद कर उनके खेल अनुभवों की जानकारी ली तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित कर उनकी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं।

#### सांसद खेल महोत्सव के तहत 1 लाख 9 हजार 913 खिलाड़ियों ने किए पंजीयन

जिला सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत हमारे क्षेत्र से कुल 1 लाख 9 हजार 913 पंजीयन हुए हैं, जो कि पूरे देश में चौथे स्थान पर रहा। यह हमारे पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद श्री उइके का आभार व्यक्त किया।

#### बैतूल गर्ल्स व बैतूल बॉयज की टीम बास्केटबॉल में बनी विजेता




गौरतलब है कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत गत रविवार 21 दिसंबर को पूरे जिले के सभी विकासखंडों की टीमों के बीच फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया गया था, जिसमें विजेता बनी टीमों को मुख्य अतिथि द्वारा आज पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी, मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर मंच पर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के दौरान बैतूल बास्केटबॉल टीम के कोच दीपक पवार ने बताया कि बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में बैतूल गर्ल्स एवं बॉयज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुलताई की टीम को हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। बैतूल गर्ल्स टीम की नंदिनी, इशिता द्विवेदी, पिंकी, लोकमती, अंजली, योगिता, आर्या, आराध्या, साक्षी एवं रेवा को मंच पर मुख्य अतिथि द्वारा मेडल पहनाकर, ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की। बैतूल बॉयज बास्केटबॉल टीम में नितेश, राघवेंद्र, वंश, शौर्य, सारांश, अमन, दिव्यांश, कृष्णा, तेजस एवं कृश को मेडल पहनाकर, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

## किसानों ने चंदा करके पीड़ित परिवार को सौंपे 41 हजार रुपए

सीहोर। ग्राम पाटनी में बीते दिनों हुए भीषण अग्निकांड ने दो परिवारों की पूरी दुनिया उजाड़ दी थी। देखते ही देखते घर, अनाज, कपड़े, ज़रूरी दस्तावेज और जीवन भर की कमाई आग की भेंट चढ़ गई। लगभग 25 लाख रुपये का नुकसान झेल रहे इन परिवारों के पास अब सिर ढकने को छत तक नहीं बची।तीन दिन बीत जाने के बाद भी जब न कोई अधिकारी मौके पर पहुँचा और न ही कोई जनप्रतिनिधि पीड़ितों का हाल पूछने आया, तब ग्राम पाटनी, चंदेरी और बिलकिसगंज के किसानों का दर्द सडक़ों पर उतर आया। समाजसेवी एवं किसान एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सीहोर तहसील में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और फिर कलेक्ट्रेट व जिला पंचायत कार्यालय पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन देकर मांग रखी कि पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए और उन्हें प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिले। सबसे मार्मिक पहलू यह रहा कि प्रशासन की चुप्पी के बीच ग्रामीणों ने खुद आगे बढक़र पीड़ितों की मदद की। किसी ने 100 दिए, किसी ने 500, 1000 और इस तरह गांव वालों ने 41,000 की राशि इकट्ठा कर पीड़ित परिवारों को सौंपी।

### भारत रत्न बाजपेई के जन्मदिन पर जगह जगह हुए समारोह संपन्न

# पूर्व पीएम अटल वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर जिले भर में कार्यक्रम किए आयोजित



### अटल जी की जयंती पर श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित



**नर्मदापुरम।** भारत रत्न, देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के ऐसे महान नेता थे, जिन्होंने अपने विचारों, काव्यात्मक शैली और दूरदर्शी नेतृत्व से देश को नई दिशा दी। पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, ग्राम सड़क योजना जैसे ऐतिहासिक निर्णय आज भी उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्र सेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सर्वसमावेशी विकास का प्रतीक रहा है। उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। वहीं जिला कार्यालय में अटल जी के जीवन एवं उनके कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन मीसाबंदी शंभू सोनकिया व्दारा किया गया। कार्यक्रम में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा अटल जी पर आधारित वक्तव्य दिया।

इस क्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे ने अटल जी के कार्यकाल की अनेक जनहितैषी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की एवं अटल जी के पदचिन्हों पर चलने का समस्त कार्यकर्ताओं से आग्रह किया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, जन भागीदारी अध्यक्ष नीरज जैन, भाजपा महामंत्री सौरभ मेहरा शैलेंद्र दुबे, उपाध्यक्ष अर्जुन भोला, नगर मंत्री गौरव बड़कुर, ऋषभ चौहान, रोहित चौरे, अमित मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं आभार अर्जुन भोला द्वारा किया गया।

### शहर में साफ-सफाई कर भाजपाईयों ने मनाई अटल जयंती

सोहागपुर। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जन्म जयंती भाजपाईयों ने गुरुवार को सोहागपुर में अलग अंदाज में मनाई। गुरुवार सुबह पार्टी के जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने श्रीराम चौराहा मुख्य बाजार में साफ सफाई की। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं ने पूरे बाजार क्षेत्र के खास स्थलों पर झाड़ू लगाई एवं कचरा एकत्रकर उचित परिवहन कराया। इसके बाद अटल उद्यान में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद बाजार क्षेत्र में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। वाजपेयी के राष्ट्र को प्रदत्त योगदान पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया।

## आरपीएफ ने लौटाया महिला यात्री का ट्रेन में छूटा बैग






हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गुरुवार को आरपीएफ ने एक महिला रेल यात्री का ट्रेन में छूटा बैग वापिस लौटाया। जिसके चलते महिला ने आरपीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया। रेल सुरक्षा बल इटारसी को सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 11058 में विदिशा से मंडीदीप की यात्रा कर रही महिला यात्री विनीता गोस्वामी मंडीदीप स्टेशन पर उतर गई है। जिनका बैग सामान्य कोच में छूट गया है।

उक्त सूचना पर गाड़ी के इटारसी स्टेशन आने पर रेल्वे सुरक्षा बल आरक्षक हरप्रताप सिंह परमार ने अटेंड किया। कोच सर्च किया लेकिन सामान्य कोच में बैग नहीं मिला। बाद महिला कोच चेक किया, यात्रियों से पूछताछ किया तो एक बैग को किसी यात्री ने अपना होना नहीं बताया। उक्त बैग महिला यात्री के बताए अनुसार पाए जाने पर बैग को आरपीएफ पोस्ट पर लेकर आए तथा सुरक्षित रखा गया। बाद यात्री विनीता गोस्वामी पत्नी रामकृष्ण शीतल सिटी मंडीदीप के आरपीएफ थाना आने पर एएसआई चंदन सिंह ने पुष्टि के बाद उक्त बैग यात्री को सुपुर्द कर दिया।

बैग में महिला यात्री के आधार कार्ड, एटीएम, बैंक पासबुक, आईडी कार्ड, कपड़े, सोने का मंगलसूत्र, पैर पट्टी चांदी, करधनी चांदी, बिछुए चांदी, गुच्छा कमर का एवं अन्य सामान था। यात्री महिला ने रेल सुरक्षा बल का आभार व्यक्त किया।

### समेरिटंस पिपरिया में धरोहर 2025 सम्पन्न

**नर्मदापुरम।** समेरिटंस आईसीएसई पिपरिया में सांस्कृतिक आयोजन धरोहर का आयोजन हुआ। इसमें बच्चों ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नागपाल, संकल्प फाउंडेशन के डायरेक्टर निरंजन वैष्णव, समाजसेवी सुखदेव कलोटी उपस्थित रहे।

## भोपाल मंडल के मंडल संगठक बने रेल यूनियन नेता प्रीतम तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ तिरंगा झंडा यूनियन भोपाल मंडल के मंडल संगठक पद पर प्रीतम तिवारी की नियुक्ति हुई है। रेलवे कर्मचारियों में अपनी अलग पहचान रखने वाले प्रीतम तिवारी को संगठन महामंत्री अशोक शर्मा ने तिवारी को मंडल संगठन की कमान दी है। उल्लेखनीय है कि मान्यता के चुनाव हो या ईसीसी बैंक के चुनाव, सभी में युवाओं का बृहद समर्थन प्रीतम तिवारी के साथ था।

जिसके चलते जोनल चुनाव में तिरंगा झंडा गाय निशान प्रथम स्थान पर आया था। तिवारी के साथ ही भागीरथ मीणा को फिर से मंडल कोषाध्यक्ष, संतोष चतुर्वेदी को मंडल उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रीतम तिवारी की इस नियुक्ति पर भोपाल मंडल के मंडल अध्यक्ष आर के शर्मा, मंडल सचिव कमलेश परिहार, मंडल कार्यकारी अध्यक्ष नितिन परमार, मंडल कोषाध्यक्ष भागीरथ मीना, कुंदन अगलावे, संजय कैचे, आर के श्रीवास्तव, योगेश चौरे, राजेश गौर सहित सभी युवा रेलवे कर्मचारी फुटबॉल खिलाड़ियों इटारसी के सभी युवाओं ने बधाई प्रेषित की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही महामंत्री अशोक शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

## सफाईकर्मियों की मांगों की पूर्णता पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर परिषद सोहागपुर के सफाई कर्मचारियों द्वारा मंगलवार सुबह हड़ताल शुरू की गई थी। गुरुवार दोपहर हड़ताल समाप्ति बावत सफाईकर्मियों, अजाक्स संघ जिलाध्यक्ष तथा सोहागपुर नप सीएमओ के बीच लंबी चर्चा हुई है।हरिभूमि से चर्चा में सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने गुरुवार सुबह मंगल भवन परिसर में सफाई कर्मचारियों से चर्चा की तथा उनकी मांगों के संबंध में पूर्ण जानकारी ली है।

कर्मचारियों ने बताया की प्रतिमाह 10 तारीख के पूर्व वेतन भुगतान होना चाहिए, लेकिन यह आज तक नहीं हो सका है। जिस पर सीएमओ शर्मा ने कहा कि आगामी समय में ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा जीएफ के लिए काटी गई राशि की वापसी वित्तीय स्थिति संभलने पर करने के बिंदु पर भी सहमति बनी है। एरियर राशि के भुगतान पर भी शासन के निर्देशानुसार काम करने की बात सीएमओ शर्मा ने कही है। खास बात यह रही कि चर्चा दौरान पुलिस कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### पुलिसकर्मी रहे उपस्थित

बताया जाता है कि हड़ताल अवधि में बुधवार को नप सफाई शाखा के एक कर्मचारी व सफाई कर्मियों के बीच कुछ विवाद की स्थिति बनी है। जिसे लेकर सफाई कर्मियों एवं नगर परिषद दोनों की ही ओर से पुलिस में आवेदन दिए गए थे। जिसके कारण अब और कोई विवाद ना हो, इसलिये द्विपक्षी वार्ता दौरान पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। बताते हैं कि चर्चापूर्व नप द्वारा पुलिस अधिकारियों से आग्रह किया गया था कि पुलिसकर्मी भेजें। वहीं चर्चा दौरान भी अजाक्स संघ जिलाध्यक्ष तथा सीएमओ के बीच कुछ गहमागहमी की स्थिति बार-बार बनी। अजाक्स सिंह जिलाध्यक्ष को आपत्ति थी कि दलित वर्ग की सफाई कर्मियों के साथ उचित व्यवहार नहीं किया जाता है। संभव है कि आज सुबह सफाईकर्मी काम करते नज़र आएं।

### कर्मियों के हितों की रक्षा जरूरी

अजाक्स संघ जिलाध्यक्ष रवि वाल्मीकि ने सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा एवं स्वच्छता शाखा के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समझाया कि शहर की स्वच्छता का कार्य सभी कर्मचारी नियमित करते हैं। मौसमी बाधाओं के बाद भी कर्मचारी सेवा भाव से कार्य करते हैं, अतः उनके अधिकारों की रक्षा का दायित्व सोहागपुर नप अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को निभाना चाहिए। लेकिन दोनों पक्षों से लापरवाही होती आ रही है। अंततः लापरवाही समाप्त की जाए एवं कर्मचारियों को उनके वांछित अधिकार नियमानुसार दिए जाएं।

## शिक्षा की राह हुई आसान, विद्यार्थियों को मिली नि:शुल्क साइकिलें




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश शासन की योजना के अंतर्गत दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने की सुविधा हेतु निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाड़ा 4 बालक, 1 बालिका एवं हिरनखेड़ा 5 बालक, 3 बालिका में द्वितीय चरण का वितरण संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत की सरपंच अमृता लिटोरिया ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे।साइकिल मिलने से छात्रों के समय की बचत होगी और वे बेहतर ढंग से अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगे। इस अवसर पर पूर्व सरपंच विनय हर्णे, समाजसेवी रवि गोरे, आशुतोष लिटोरिया, संकुल प्राचार्य राकेश साहू, संस्था प्राचार्य राममोहन रघुवंशी सहित शिक्षक राजेश देवडिय़ा, वीरेंद्र यादव व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## क्रिशियन यूथ एसोसिएशन ने मुस्कान संस्था में मनाया प्रभु यीशु मसीह का जन्म दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस के अवसर पर क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन द्वारा गुरुवार को मुस्कान संस्था में विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं भजन-स्तुति से हुई, इसके बाद केक काटकर एक-दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी ग़ई। पूरे समारोह में प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और सेवा भावना की अद्भुत झलक देखने को मिली।

एसोसिएशन के युवा सदस्य बच्चों के बीच पहुचे और उपहार, मिठाइयां तथा आवश्यक सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने प्रभु यीशु के संदेश— "प्यार, क्षमा, करुणा और मानवता ही जीवन का मार्ग है" को समाज तक पहुचाने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष जयराज सिंह भानु के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। जिनमें प्रमुख रूप से सुशील पतरस, आर करीम, मनोज राज, स्टीवन लिविंगस्टन, एलेक्स, मोहित, सिद्धार्थ हेनरी, समर्थ हेनरी, अश्मित जोनाथन, जोंटी जोसेफ, विश्वास, राहुल, विक्टर, आशीषराज, किरण, पीटर, सिबिलाल सर, रोहन, रोहित, आदर्श, मृदुल, अर्पित, शैलेन्द्र, अल्बर्ट खान, अनुपम लाल, राजेंद्र, खुशहाल, सौरभ दास, लक्की पॉल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यूथ एसोसिएशन द्वारा बच्चों के साथ खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं गीतों की प्रस्तुति कर उत्सव को जीवंत बनाया गया। सभी ने मिलकर क्रिसमस वृक्ष सजाया तथा संस्थान के बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। अंत में अध्यक्ष जयराज सिंह भानु ने सभी युवाओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज सेवा ही हमारा पथ है। आगे भी इसी तरह सामाजिक कार्य जारी रहेंगे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## आयुष्मान योजना ने दिया 13 वर्षीय मोहित को नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



आयुष्मान भारत निरामय योजना एक बार फिर गरीब परिवार के लिए वरदान साबित हुई है। केसला ब्लॉक के ग्राम ललवानी निवासी मुकेश इवने के 13 वर्षीय पुत्र मोहित का हृदय रोग (वाल्व विकार) का सफल ऑपरेशन निःशुल्क संपन्न हुआ। आरबीएसके टीम की डॉ. अपेक्षा भावसार ने आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान मोहित की बीमारी पकड़ी थी।

ऑपरेशन का खर्च लगभग 1 लाख रुपये था, जिसे वहन करने में परिवार असमर्थ था। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मोहित को भोपाल के एलएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां 17 दिसंबर 2025 को उसका सफल ऑपरेशन हुआ। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा किए गए फॉलोअप के अनुसार, मोहित अब पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य जीवन जी रहा है।

इस प्रक्रिया में जिला समन्वयक कविता साल्वे और समर्पण केंद्र का विशेष सहयोग रहा।

## पचमढ़ी 'इको सेंसिटिव जोन' के खिलाफ जन-आंदोलन तेज

**पचमढ़ी।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के आसपास लागू किए गए 'इको सेंसिटिव जोन' और प्रस्तावित जोनल मास्टर प्लान के विरोध में पचमढ़ी के स्थानीय निवासियों और 'पचमढ़ी बचाओ संघर्ष समिति' ने निर्णायक लड़ाई का ऐलान कर दिया है। ग्रामीणों और समिति का आरोप है कि प्रशासन ने स्थानीय परिस्थितियों की अनदेखी करते हुए ऐसे नियम थोपे हैं, जिससे हजारों लोगों की रोजी-रोटी और संवैधानिक अधिकारों पर खतरा मंडरा रहा है। मुख्य आपत्तियां और विवाद के कारण संघर्ष समिति और ग्राम सभा द्वारा कलेक्टर एवं डायरेक्टर (सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान) को सौंपे गए ज्ञापनों में कई गंभीर विसंगतियां गिनाई गई हैं:
भाषा की बाधा: ग्रामीणों का कहना है कि से संबंधित अधिसूचना और मास्टर प्लान केवल अंग्रेजी भाषा में जारी किए गए हैं।

## गजपुर में 4 फीट लंबे कोबरा का सर्पमित्रों ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



ग्राम गजपुर में किसान उमेश चौरे के साथ कुछ ऐसा हुआ कि कई दिनों से लुका-छिपी खेल रहे एक खतरनाक इंडियन कोबरा ने जैसे ही अपना असली रूप दिखाया, पूरे इलाके में दहशत फैल गई। किसान उमेश चौरे हर दिन की तरह अपने खेत में सिंचाई कर रहे थे। पानी की धार के बीच उनकी नजर एक ऐसी चीज पर पड़ी जिसे देख उनके रोंगटे खड़े हो गए। वहां करीब 4 फीट लंबा, काले रंग का कोबरा कुंडली मारकर बैठा था। यह वही सांप था जो पिछले कई दिनों से खेत में दिखाई दे रहा था, लेकिन आज वह सीधे हमले की मुद्रा में था। उमेश चौरे की सूचना पर सर्पमित्र अभय चौरे ने टीम भेजी। वनपरिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के मार्गदर्शन में जांबाज सर्पमित्र अभिजीत यादव, मोहित मेहरा और सचिन दुलारे मौके पर पहुंचे। सर्पमित्रों ने अपनी जान जोखिम में डालकर बड़ी चतुराई से उसे काबू किया। रेस्क्यू टीम ने उसे सुरक्षित दबोच लिया। सर्पमित्रों ने उसे आबादी से दूर घने वन क्षेत्र में ले जाकर आजाद कर दिया।

## कलेक्टर ने नर्मदापुरम संभाग के 5 उद्योगपतियों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केंद्रीय गृहमंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने गुरुवार को ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट में प्रदेश भर में 2 लाख 15000 करोड़ रुपए से अधिक के औद्योगिक एवं अन्य विभागों की परियोजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण किया। समिट में गृहमंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नर्मदापुरम संभाग के औद्योगिक क्षेत्र में 30 नई औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन किया इससे क्षेत्र में लगभग 45 हजार 500 करोड़ रुपए का निवेश आएगा तथा इन परियोजनाओं के स्थापित होने से लगभग 18 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी प्राप्त होगा। इटारसी में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने नर्मदापुरम संभाग के सभी जिलों से आए उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्मदापुरम जिले में रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन किया गया था जिसमें उद्योगपतियों को जिले में औद्योगिक इकाई स्थापित करने के अवसर दिए गए हैं, आने वाले दिनों में जिले में नवकरणीय ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग पर विशेष रूप से फोकस रहेगा। मुहासा और बाबई में फेस वन एवं फेस टू में भी कार्य हो रहा है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के बाद विभिन्न इक्विपमेंट की मैन्युफैक्चरिंग के लिए देश-विदेश से उद्योगपति आकर यहां पर निवेश कर रहे हैं, जिसमें जिला प्रशासन सभी उद्योगपतियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करा रहा है।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया वार्ड 11 में निरीक्षण

# विधायक निधि से सड़क निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कार्य शुरू किया गया है। वार्ड क्रमांक 11 में नागरिकों की सुविधा के लिए 110 मीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद अमित विश्वास और अन्य पार्षद कुंदन गौर, भजपा महामंत्री सौरभ मेहरा मौजूद रहे।

### विधायक निधि से मिली सौगात

यह सड़क विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत 5.30 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही है।

लंबे समय से वार्डवासी इस क्षेत्र में सड़क निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे थे, जिसका कार्य अब प्रारंभ हो गया है।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

सड़क निर्माण की शुरुआत के दौरान नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने उपस्थित रहकर, कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नपाध्यक्ष चौरे ने कहा कि शहर के हर वार्ड का संतुलित विकास और बेहतर आवागमन हमारी प्राथमिकता है।

### वार्डवासियों में खुशी की लहर

निर्माण कार्य शुरू होने पर वार्ड के नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। नई सड़क बनने से बारिश और आवाजाही के दौरान होने वाली असुविधाओं से मुक्ति मिलेगी। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि शहर के अन्य विकास कार्य भी इसी प्रकार गति के साथ पूर्ण किए जाएंगे।

## गुरुगोविंद सिंह की जयंती पर नगर कीर्तन का पुष्पवर्षा से किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा इटारसी के द्वारा गुरु गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। परंपरा के अनुसार श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति के द्वारा नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं पंच प्यारों को पुष्प हार भेंट किए गए।

इसके साथ ही चलित श्री गुरु ग्रंथ साहब जो विशेष रथ पर आरुण थे उनकी पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई।

मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, सचिव जितेंद्र अग्रवाल बबलू, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, संगठन मंत्री सुनील दुबे शिक्षक, सुरेंद्र राजपूत, घनश्याम तिवारी, मयंक कलोसिया, दिनेश साहू, गोहरपाल नामदेव, ओम प्रकाश केथवास, संकल्प मौर्य सहित मंदिर के पुजारी पंडित सत्येंद्र पांडे पंडित पीयूष पांडे ने नगर कीर्तन का स्वागत किया।

इस अवसर पर मंदिर समिति के द्वारा नगर कीर्तन को प्रसाद वितरण भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा वीर बाल दिवस

**हरदा।** जिले स्कूलों में शुक्रवार को वीर बाल दिवस मनाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। उल्लेखनीयय है कि साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के संबंध में प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारत के भविष्य की नींव माने जाने वाले बच्चों को सम्मानित करने के लिये समर्पित एक राष्ट्रीय उत्सव है। इस पहल का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का पोषण करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उन्हें विकसित भारत के सपने में योगदान देने के लिये प्रेरित करना है। वीर बाल दिवस का राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम 26 दिसम्बर को दोपहर 12:30 बजे भारत मण्डपम नई दिल्ली में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण पर किया जायेगा।

### पीएम स्वनिधि योजना में मिल रहा है 15 हजार का ऋण

**हरदा।** नगर पालिका परिषद् हरदा द्वारा शहर के छोटे दुकानदारों और पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर्स) को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए शासन की महत्वपूर्ण योजना ह्यपीएम स्वनिधि योजनाह्न का संचालन किया जा रहा है। योजना के वर्तमान चरण में पात्र विक्रेताओं को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए सरकारी बैंकों के माध्यम से 15 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार ने बताया कि योजना का लाभ लेने के इच्छुक पथ विक्रेता अपना आवेदन नगर पालिका हरदा की शहरी आजीविका मिशन शाखा में जाकर जमा कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदकों को आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर तथा विक्रय (सामान बेचते हुए) करते हुए एक फोटो लाना अनिवार्य है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पाटीदार ने क्षेत्र के सभी पात्र पथ विक्रेताओं से अपील की है कि वे जल्द से जल्द शहरी आजीविका मिशन शाखा में संपर्क कर इस सरकारी योजना का लाभ उठाएं। योजना के संबंध में भारत सरकार के आधिकारिक पीएम स्वनिधि पोर्टल के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

### सोयाबीन का मॉडल रेट 4209 रुपए जारी

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। मंगलवार 23 दिसंबर को 4209 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

---

हरदा में कमल खेल महोत्सव का रंगारंग शुभारंभ हुआ

# प्रतियोगिता से मंच देने ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लाया जा रहा: पटेल



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला ओलिंपिक संघ और कमल स्पोर्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 17 दिवसीय कमल खेल महोत्सव का शुभारंभ हो गया। उद्घाटन अवसर पर शहर की नार्मदीय ब्राह्मण समाज धर्मशाला, खेड़ीपुरा से हजारों खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट निकाला। इस मार्च पास्ट में शामिल खिलाड़ियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई।

यह मार्च पास्ट शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नेहरू स्टेडियम पहुंचा, जहां मशाल प्रज्ज्वलित की गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश



वर्मा उपस्थित रहे। आज शुक्रवार से ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। जिला ओलिंपिक संघ के अध्यक्ष संदीप पटेल ने बताया कि ये खेल प्रतियोगिताएं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर से शुरू होकर स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी तक चलेंगी। 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक प्रतियोगिताओं को विराम दिया जाएगा, इस दौरान शो-मैच खेले जाएंगे। महोत्सव में 28 विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी, जो हरदा, टिमरनी और खिरकिया में ब्लॉक स्तर पर आयोजित की जाएंगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 5 जनवरी से शुरू होंगी और युवा दिवस पर 12 जनवरी को खेल महोत्सव का समापन होगा।

विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले में खेल को बढ़ावा देना है। ओलिंपिक संघ के जिलाध्यक्ष संदीप पटेल ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ओलिंपिक खेलों को बढ़ावा देना है, ताकि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने शहर और प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि यह आयोजन पिछले चार सालों से लगातार किया जा रहा है। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को यादगार बनाने के लिए खिलाड़ियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई है, जिससे यह दिन खिलाड़ियों और हरदा के लिए विशेष बन गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आगे लाया जा रहा है।

---

क्रिसमस गीतों की प्रस्तुति दी

# प्रभु यीशु का जन्मोत्सव क्रिसमस पर्व मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सेंट मैरी स्कूल स्थित कैथोलिक चर्च में बुधवार रात प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव क्रिसमस पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गईं और क्रिसमस गीतों की प्रस्तुति दी गई। रात ठीक 12 बजे यीशु के जन्म के जश्न में आसमान में देर तक आतिशबाजी की गई। जिला मुख्यालय के रोमन कैथोलिक चर्च और इव्हेंजिलिकल चर्च ऑफ इंडिया में ईसा मसीह के जन्म की भव्य झांकियां सजाई गईं। गिरजाघरों को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और सजावटी लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। शहर के चर्चों में प्रभु यीशु के जन्म को दर्शाने वाली सुंदर चरनियां (मंजर) बनाई गईं, जिनमें मरियम, जोसेफ और बालक यीशु की झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। प्रतीकात्मक रूप से कई ईसाई परिवारों ने अपने घरों में भी चरनी सजाई, ताकि पर्व का संदेश घर-घर तक पहुंचे। सेंट मैरी स्कूल स्थित रोमन कैथोलिक चर्च के फादर सीबी जोसेफ ने बताया कि 24 दिसंबर की रात 12 बजे प्रभु यीशु के जन्मोत्सव के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं। इस दौरान भगवान यीशु के जन्म स्थल को गोशाला के रूप में दर्शाया गया। प्रार्थना के बाद केक काटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं। यह पर्व ईसाई समुदाय के लिए एक बड़ा उत्सव है, जो प्रभु यीशु के जन्म और उनके द्वारा दिए गए सेवा और परोपकार के संदेश को याद दिलाता है। इस त्योहार से कुछ दिन पहले से ही ईसाई समुदाय बैंड-बाजे और ढोल के साथ कैरोल गीत गाते हुए जुलूस निकालते हैं, जिसमें सांता क्लॉज की वेशभूषा में बच्चे भी शामिल होते हैं और प्रेम व शांति का संदेश देते हैं।


---

प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई, टीम ने भमोरी में नर्मदा किनारे छापा मारा था

# अवैध उत्खनन वाली रेत को जेसीबी से नर्मदा में मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

देवास और हरदा के बीच बह रही नर्मदा नदी में रेत माफिया बेखौफ होकर अवैध खनन और परिवहन कर रहे हैं। पुलिस, राजस्व और खनिज विभाग की टीमें माफिया पर लगाम नहीं कस पा रही हैं। बीटी रात करीब दो बजे खनिज विभाग की टीम ने भमोरी में नर्मदा किनारे छापा मारा। टीम के पहुंचने से पहले ही माफिया ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भाग निकले। मौके पर रेत के ढेर मिले। जेसीबी से रेत को वापस नर्मदा में मिला दिया गया। खनिज निरीक्षक मनीषा तावड़े टीम के साथ भमोरी पहुंचीं। टीम को देख माफिया में हड़कंप मच गया। आधी रात के बाद पहुंची टीम की भनक माफिया को पहले ही लग गई थी। इससे साफ है कि माफिया का नेटवर्क विभाग से ज्यादा मजबूत है।



कार्रवाई के दौरान करीब 20 घनमीटर रेत जब्त की गई, जिसे बाद में नर्मदा में फेंक दिया गया। नर्मदा के किनारे गोंदागांव गंगेश्वरी, छीपानेर, लछोरा, सुरजना, मनोहरपुरा, भमोरी, गोला-मैदा, ऊंचान सहित कई जगहों से माफिया अवैध रेत निकाल रहे हैं। दिन में नाव से रेत निकालकर किनारे जमा करते हैं। रात में शहर में रेत का अवैध परिवहन होता है। कार्रवाई से बचने के लिए माफिया नाव सहित नर्मदा के दूसरे छोर पर चले जाते हैं। इससे टीम उन्हें पकड़ नहीं पाती।

---

11 हजार मतदाताओं की मैपिंग अटकी

# जिले में नाम कटने के बाद बचे अब 9 लाख 83 हजार 143 मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की राजनीति के चार बड़े चेहरों (सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, इछावर के दिग्गज करण सिंह वर्मा और बुधनी के रमाकांत भार्गव के विधानसभा क्षेत्रों का नया वोट गणित) सामने आ गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी ताजा ड्राफ्ट रोल के अनुसार जिले में अब कुल 9,83,143 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

ताजा आंकड़ों के अनुसार आष्टा विधानसभा (विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर) जिले में मतदाताओं के मामले में नंबर वन पर है। यहां सबसे ज्यादा 2,78,160 मतदाता हैं। वहीं बुधनी विधानसभा (विधायक रमाकांत भार्गव) 2,69,068 मतदाताओं के साथ दूसरे स्थान पर है। इछावर (विधायक करण सिंह वर्मा) में 2,24,927 और सीहोर (विधायक सुदेश राय) विधानसभा में 2,10,988 मतदाता दर्ज किए गए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने बताया कि चारों विधानसभाओं में कुल 11,335 मतदाता ऐसे हैं, जो तकनीकी कारणों से साल 2003 की मतदाता सूची से मैप नहीं हो पाए हैं। इन अनमैप मतदाताओं को 2 जनवरी से 9 फरवरी तक नोटिस जारी किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई मतदाता स्वयं उपस्थित नहीं हो सकता तो वह अपने परिवार के सदस्य को अधिकृत कर बीएलओ के माध्यम से सत्यापन करवा सकता है।

---

# पहाड़नुमा सड़क: बिना बेस तैयार हो रहा ढाई करोड़ का मार्ग, इंजीनियर का अजीब तर्क- बेस की जरूरत नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की जिस सडक़ का इंतजार रहवासी बरसों से कर रहे थे, अब वही उनके लिए मुसीबत का सबब बनने जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा जनता की मांग पर दी गई ढाई करोड़ की सौगात को ठेकेदार और इंजीनियरों की जुगलबंदी ने 'सफेद हाथी' बना दिया है।



मछली पुल से लुनिया चौराहा तक बन रही इस सडक़ का निर्माण तकनीकी मापदंडों को



ताक पर रखकर किया जा रहा है, जिससे रहवासी और दुकानदार तनाव में हैं।

बता दें करीब एक किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण में तकनीकी घपला साफ नजर आ रहा है। नियम के अनुसार सडक़ निर्माण से पहले मजबूत बेस तैयार किया जाता है, लेकिन यहां सीधे सडक़ बिछाई जा रही है। रहवासी व दुकानदारों ने जब इस पर सवाल उठाए तो जिम्मेदार इंजीनियरों जवाब सामने आया कि बेस की जरूरत नहीं है। बिना बेस के बनाई जा रही सडक़।

---

# लव जिहाद: 16 वर्षीय छात्रा के हाथ में थमाया बुर्का और कहा धर्म परिवर्तन कर निकाह कर लो

### छात्रा की शिकायत पर आरोपी युवक, माता-पिता और ताऊ के लड़के पर मामला दर्ज




**सीहोर।** जिले के श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम खंडवा में लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के दबाव का एक मामला सामने आया है। यहां एक 11वीं कक्षा में पढऩे वाली नाबालिग छात्रा को प्रेम जाल में फंसाकर उस पर मुस्लिम धर्म स्वीकार करने और निकाह करने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर आरोपी और उसके परिजनों ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी छात्र, उसके माता-पिता और एक अन्य रिश्तेदार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

दर्ज एफआईआर के अनुसार पीड़िता छात्रा ने महिला थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके साथ पढऩे वाला सहपाठी उमर अली पिछले दो माह से उसे लगातार परेशान कर रहा था। आरोपी उमर, पीड़िता के पिता के मोबाइल नंबर पर फोन करता था और इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील व गलत कमेंट्स कर शादी के लिए दबाव बनाता था। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने तीन बार अपने माता-पिता से भी उसकी बात करवाई, जिन्होंने उसे धर्म बदलने के लिए उकसाया।

#### बुर्का देकर कहा- मुस्लिम धर्म स्वीकार करो

शिकायत के अनुसार शनिवार 20 दिसंबर को आरोपी जवैद (उमर के ताऊ का लडक़ा) ने पीड़िता का हाथ पकडक़र उसे जबरन बुर्का थमाने की कोशिश की। जवैद ने पीड़िता से कहा उमर के मम्मी-पापा ने मुझे सब बता दिया है। यदि तुम दोनों प्यार करते हो तो तुम्हें मुस्लिम धर्म स्वीकार करना पड़ेगा। मैं तुम दोनों को यहां से भगाकर ले जाऊंगा और निकाह करा दूंगा। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई।

#### परिजनों को बताई सच्चाई

आरोपियों की धमकियों से छात्रा बुरी तरह डर गई थी। अंततः उसने हिम्मत जुटाकर सोमवार शाम अपने माता-पिता और भाई को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे लेकर महिला थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

#### पुलिस की सख्त कार्रवाई

महिला थाना प्रभारी माया सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपी उमर अली, उसके पिता, माता और ताऊ के लडक़े जवैद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

---

गो जागरूकता अभियान के कार्यकर्ताओं ने गोवंश कत्लखाने को लेकर कराया विरोध दर्ज

# बाइक रैली निकाल कर प्रशासन को दिया बड़ा संदेश पांच दिनों के अंदर बंद कराओ बूचड़ खाने का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

निर्माणाधीन गोवंश कत्लखाने का विरोध तेज हो गया है। ग्रामीण गो जागरूकता अभियान के कार्यकर्ताओं ने भी कत्लखाने को लेकर कड़ा विरोध दर्ज करा दिया है। कार्यकर्ताओं ने बेनर तख्तियों के साथ बलराम जाट के नेतृत्व में बाइक रैली निकाल कर बडा संदेश प्रशासन को दे दिया है।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी करते हुए गौ भक्त कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्टर बालागुरू के नाम का ज्ञापन गो सेवक अरूण मेवाड़ा के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर अरविंद परमार को दिया है। ग्रामीण गो रक्षा सेवा संकल्प के साथ दोराहा जोड़ से बाइक रैली का शुभारंभ किया गया। सेमरादांगी मुगांवली जमुनिया रोड से बाइक रैली भोपाल नाका पहुंची और प्रदर्शन किया गया। ग्राम सतपोन में प्रस्तावित निर्माणाधीन गोवंश कत्लखाना को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणजनों और गो भक्तों में आक्रोश बढ़ता ही चला जा रहा है। ग्रामीण गो जागरूकता अभियान के अरूण मेवाड़ा ने बताया कि गाय माता की अत्याधिक दयनीय स्थिति है, गो माता के अस्तित्व संकट खड़ा हो गया है। गो माता के संरक्षण के



कठोर कानून नहीं होने से गाय संकट में है। ऐसे हालातों में शासन प्रशासन के द्वारा सतपोन में गोवंश कत्लखाना खोलने की अनुमति देना गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

प्रदर्शन में शामिल बलराम जाट ने कहा कि ग्रामीण गो जागरूकता अभियान के कार्यकर्ताओं की मध्य प्रदेश सराकर से मांग है कि ग्राम पंचायत सतपोन में खुलने वाले अवैध बूचडख़ाना को बंद किया जाए। गोशालाओं की दूर्दशा सुधारी जाए। अधिकारियों के द्वारा ओचक निरीक्षण किया जाए। ग्रामीण अंचल से कोई भी ग्रामीण द्वारा गो-माता को भगाए तो कानूनी कार्यवाही की जाए। गौ माता के लिए गौचर भूमि की व्यवस्था की जाए। सड़क दुर्घटनाओं में घायल गौवंश को गौशाला में स्थान



दिया जाए और गौहित में गौशालाओं की संख्या में बढोतरी की जाए।

प्रदर्शन में सुरेश विश्वकर्मा,सुदीप प्रजापति,डॉ गगन नामदेव,तिलक खाती,शिवम दास,मनीष मीणा, दीपक राजपूत, अंकित मेवाड़ा, शेखर मीणा सुनील मीना,अनिल परमार, मोनू मेवाड़ा, रामकेश मीना,अनिल परमार, राकेश पटेल, कमल लोधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण गौ जागरूकता अभियान के कार्यकर्ता शामिल रहे।